चातुर्मास व्रत महोत्सव एवं दिव्य रूद्राभिषेक महायज्ञ

कोटा, (निसं)। श्रीराम मंदिर स्टेशन पर चातुर्मास व्रत महोत्सव एवं रूद्राभिषेक महायज्ञ का आयोजन होने जा रहा है। जिसमें भव्य शोभायात्रा चातुर्मास शुभारंभ से एक दिन पूर्व 9 जुलाई 2022 शनिवार को प्रात: 10 बजे श्री राम मंदिर से प्रारंभ होगी। श्री राम मंदिर प्रबंध समिति के अध्यक्ष ऋषि शर्मा व कार्यक्रम संयोजक डॉ. सुधीर उपाध्याय ने बताया कि इस आयोजन की सफलता के लिए शुक्रवार को गणेश पूजन किया गया। इस भव्य आयोजन में पूज्य दण्डी स्वामी श्री नैमीनाथ अन्न क्षेत्र (प्रयागराज) से संतों का शुभागमन पहली बार श्री राम मंदिर कोटा जंक्शन पर हो रहा है। ब्रह्मचारि महाराज के मार्गदर्शन में 10 जुलाई से 10 सितम्बर 2022 तक नित्य प्रात: 6 बजे से 10 बजे के मध्य पूजाचरन व सहस्रों पार्थिव शिवलिंगाभिषेक एवं महायज्ञ यजमानों द्वारा प्रतिदिन किया जाएगा। कोटा संभाग के श्रद्धालु भक्त जन इस पावन आयोजन में तन मन धन से सहभागी बनकर आलौकिक धर्म लाभ प्राप्त करेंगे। इस कार्यक्रम के अन्तर्गत नित्य नवीन चार यजमानों दम्पत्तियों की सहभागिता निश्चित रूप से आवश्यक रहेगी।

आर्य समाज ने किया सेवाभावी चिकित्सकों का सम्मान

कोटा में आर्य समाज ने चिकित्सकों का सम्मान किया। इस मौके पर डॉ पुरूषोत्तम मित्तल, डॉ. वेद प्रकाश गुप्ता आदि मौजूद थे।

कोटा, (निसं)। कोरोना काल में अपनी जान जोखिम मे डालकर मरीजों का इलाज कर मानवता की मिसाल पेश करने वाले चिकित्सकों का डॉक्टर्स डे पर आर्य समाज द्वारा सम्मान किया गया। डाक्टर्स डे के अवसर पर आर्य समाज कोटा द्वारा आयोजित कार्यक्रम में डाक्टर्स का सम्मान करते हुए कोटा दक्षिण विधायक संदीप शर्मा ने कहा कि इन सेवाभावियों का सम्मान करते हुए में स्वयं गौरवांवित हो रहा हूं। आर्य समाज के सेवा व आध्यात्मिक कार्य अनुसरणीय है।

इस अवसर पर डॉ पुरूषोत्तम मित्तल ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा मुझे प्रशन्नता है कि आर्य समाजी परिवार से हूं, बचपन से ही घर में वैदिक यज्ञ, प्रवचन के कार्यो में सहभागी रहा हूं, सम्मान पाकर अभिभूत हूं। डॉ. वेद प्रकाश गुप्ता ने कहा कि कोटा मे आर्य समाज के विभिन्न कार्य अर्जुन देव चड्ढा के नेतृत्व मे किए जा रहे है, महर्षि के मिशन को आगे बढ़ाया जा रहा है। आर्य उप-प्रतिनिधि सभा कोटा संभाग के मीडिया प्रभारी आचार्य अग्निमित्र शास्त्री ने बताया कि डॉक्टर्स डे के अवसर पर आर्य समाज कोटा संभाग द्वारा कोटा के आर्य परिवारों के डाक्टर्स का सम्मान किया गया। कोटा संभाग के मंत्री लालचन्द आर्य ने बताया कि डॉक्टर्स डे पर आर्य समाज द्वारा तलवण्डी स्थित कृष्णा रोटरी ब्लड बैंक पर प्रधान अर्जुन देव चड्ढा के निर्देशन व नेतृत्व मे आयोजित कार्यक्रम मे आर्य प्रतिनिधियों, आर्य समाज रेल्वे कॉलोनी के प्रधान हरिदत्त शर्मा, महर्षि दयानंद नगर तलवण्डी की प्रधान सुमनबाला सक्सैना, पुरोहित भैरू लाल शर्मा, नरेंद्र शर्मा, खेड़ारसूलपुर के प्रधान रामनारायण कुशवाह, मंत्री कैलाश नामा, युवा कार्य कर्ता किशन आर्य हरियाणा, रामपुरा के आनन्दी लाल कुशवाह, केएल गुप्ता, गायत्री शक्तिपीठ कोटा के मुख्य ट्रस्टी जीडी पटेल, विशिष्ट अतिथि डॉ. वेद प्रकाश गुप्ता, डॉ. सरोज गुप्ता, डॉ. पुरूषोत्तम मित्तल, डॉ हर्ष गोयल, डॉ. सुभाष आर्य, डॉ. केसी गुप्ता, डॉ कविता कश्यप और डॉ. सौरभ गुप्ता को माल्यार्पण कर गायत्री मंत्र से सुसज्जित पटका, केसरिया साफा पहनाकर मंत्रोचार के साथ सम्मानित किया। कार्यक्रम का प्रारंभ प्रार्थना मंत्रोचार व समापन्न शान्ति पाठ के साथ हुआ।

इंटरनेट सेवा पर 2 जुलाई की शाम 4 बजे तक रोक

कोटा, (निसं)। संभागीय आयुक्त दीपक नंदी ने आदेश जारी कर कोटा संभाग के चारों जिलों में इंटरनेट सेवाएं, बल्क एसएमएस, सोशल मीडिया बाय इनंटरनेट सेवाएं को 2 जुलाई शाम 4 बजे तक स्थगित किया है। संभागीय आयुक्त द्वारा जारी आदेशानुसार कोटा, बूंदी, बारां, झालावाड़ जिले के सम्पूर्ण क्षेत्र में 2जी, 3जी, 4जी डाटा, इंटरनेट सर्विस, बल्क एसएमएस, एमएमएस, व्हाट्सएप्प, फेसबुक, ट्विटर एंड अदर सोशल मीडिया बाई इंटरनेट सर्विस प्रोवाइडर्स (एक्सेप्ट वॉइस कॉल ऑफ ऑल लेंडलाइन, मोबाइल फोन, ऑल लीज लाइन एंड ब्रॉडबैंड यथासंभव हॉस्पिटल, बैंक और इंडस्ट्रीज को छोड़कर) पर लागू अस्थाई निषेधाज्ञा 2 जुलाई को शाम 4 बजे तक बढ़ा दी गई है। उन्होंने सभी नागरिकों को इस आदेश की पालना करने और अवहेलना नहीं करने के आदेश दिए हैं। यदि कोई इन प्रतिबंधात्मक आदेश का उल्लंघन करेगा तो वह सक्षम विधिक प्रावधानों से अभियोजित किया जा सकेगा।

सार-समाचार

स्थापना दिवस मनाया

कोटा, (निसं)। बंसल क्लासेज के 40वें स्थापना दिवस के अवसर पर 01 जुलाई 2022 को छात्रों, अभिभावकों, संकायों और कर्मचारियों के लिए एक सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ बंसल क्लासेज की निदेशक नीलम बंसल एवं महिमा बंसल द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। छात्रों ने नृत्य, गायन और स्टैंड-अप कॉमेडी सहित विभिन्न प्रस्तुतियां दीं। जैसा कि बंसल क्लासेस हमेशा अपने सामाजिक योगदान के लिए जाना जाता है, इसे जारी रखने के लिए, बंसल क्लासेस ने कोटा के नए मेडिकल कॉलेज में सुपर स्पेशियलिटी विंग के नए निर्माण ऑपरेशन थिएटर के लिए दो बहुक्रियाशील स्ट्रेचर दान किए। बंसल क्लासेस के एमडी और सीईओ समीर बंसल ने वी.के.बंसल से अपनी सीख साझा की और बंसल क्लासेस की सभी उपलब्धियों को स्वीकार किया।

आवेदन की अंतिम तिथि 11 जुलाई

कोटा, (निसं)। संगीत भूषण/प्रभाकर प्रथम व द्वितीय वर्ष बोर्ड परीक्षा (गायन, वादन, नृत्य) आवेदन फार्म 11 जुलाई तक भरे जा सकेंगे। प्रधानाध्यापक राजकीय संगीत माध्यमिक (प्रभाकर) विद्यालय रामपुरा अशोक जैन ने बताया कि नियमित/स्वयंपाठी छात्र/छात्राओं के आवेदन करने की अंतिम तिथि 11 जुलाई तथा विलम्ब शुल्क अंतिम तिथि 15 जुलाई रखी गई है। उन्होंने बताया कि आवेदन हेतु सायं 5.30 बजे से 8.00 बजे तक विद्यालय में संपर्क कर सकते है।

पेरेंट्स ओरिएंटेशन सेमीनार संपन्न .

छबड़ा। सफलता इंग्लिश मीडियम स्कूल में षुक्रवार को पेरेंट्स ओरिएंटेशन सेमीनार संपन्न हुआ, जिसमे शैक्षणिक गतिविधियों, क्रियाकलापों के बारे में अभिभावकों को अवगत कराया गया। निदेशक मुकेश कुमार मौर्य ने बताया की स्कूल द्वारा प्राकृतिक तरीके से बच्चों को इंग्लिश स्पीकिंग सिखा जा रही हैं।

नवनिर्मित मंदिर निर्माण का भूमि पूजन समारोह संपन्न हुआ

बारां में नवनिर्मित मंदिर निर्माण का आज भूमि पूजन समारोह संपन्न हुआ।

बारां,(निसं)। मंदिर राधाकृष्ण सेवा समिति मांगरोल बाईपास पर सेठ मोतीलाल जी की बाडी में नवनिर्मित मंदिर निर्माण का आज भूमि पूजन समारोह संपन्न हुआ। सेवा समिति के अध्यक्ष भंवरलाल मेहरा ने बताया कि मंदिर निर्माण के लिए स्व. सेठ मोतीलाल रामस्वरूप सर्राफ की स्मृति में उनके पुत्र विनोद, राजेंद्र, नवीन, नीरज गर्ग ने 30 गुणा 65 की भूमि मंदिर निर्माण के लिए समिति को निशुल्क भेंट की है।

मंदिर निर्माण समिति के उपाध्यक्ष चन्द्र चौधरी के अनुसार आज उसी भूमि पर मंदिर निर्माण भूमि पूजन का कार्यक्रम विनोद गर्ग, पत्नी रेखा गर्ग, मां श्रीमती गीता देवी के मुख्य आतिथ्य में समारोह संपन्न हुआ। इस अवसर पर संस्था के कोषाध्यक्ष रामस्वरूप खींची ने बताया कि मांगरोल बाईपास क्षेत्र में यह पहला मंदिर निर्माण होगा, जिसमें करीबन एक वर्ष का समय लगेगा। यहां के निवासियों के जनसहयोग से मंदिर निर्माण संपन्न होगा। समारोह में कोषाध्यक्ष रामस्वरूप खींची ने अपनी ओर से एक लाख 100 रूपए नकद राशि देने की घोषणा की।

समारोह को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि विनोद गर्ग ने कहा कि मंदिर निर्माण में हमेशा जनसहयोग से जो निर्माण होता है उसमें सभी की आस्था भी निहित होती है। समारोह में अन्य दानदाताओं में चन्द्रप्रकाश चौधरी, हेमराज राठी, पप्पू सुमन मिस्त्री, जसवंत सिंह हाडा बोहत, ओम ठाकुरिया ने भी अपनी ओर से मंदिर निर्माण में सहयोग की घोषणा की है।

आज कई जगह बिजली बंद रहेगी

कोटा, (निसं)। शहर में चल रहे यूआईटी के कार्यों तथा विद्युत लाइनों के रखरखाव के कारण शनिवार को सुबह 11 से दोपहर 3 बजे तक फ्लाईऐश एरिया, करनीनगर, शंभूपुरा, रामनगर पत्थर मंडी, सोडिया तलाई, बंजारा बस्ती, नांता, कालीबस्ती, गुलाबबाड़ी, कायनात नगर, क्रेशर एरिया, कुंद-कुंद कॉलोनी, नीलकण्ठ कॉलोनी, पीपली चौराहा, गौतम स्कूल, नारी निकेतन, ईदगाह, सुबह 11 से दोपहर 2 बजे तक लैण्डमार्क सिटी व आसपास का क्षेत्र, दोपहर 2 से शाम 5 बजे तक ढोला मारू होटल, गुरूधाम कॉलोनी, अलकनंदा कॉलोनी, लवकुश कॉलोनी, ज्ञान सरोवर कॉलोनी, गणेशपाल, यशोदा पैलेस, अलकनंदा एनक्लेव, केशवनगर, सुबह 11.30 से दोपहर 2.30 बजे तक विज्ञाननगर सेक्टर 1 व 2 , रोड नम्बर 6, गोल्डी वाटर, सुन्दर फ्लोर मिल वाली गली, ट्रैक्टर जोन, सुबह 11.30 से दोपहर 1.30 बजे तक रोड नम्बर 1 से 5, बीएसएनएल ऑफिस, कोटा दाल मिल एरिया, कमल ऑटो के आसपास, सिटी मॉल के पीछे, पुरुषार्थ भवन के आसपास, रेजोनेंस व वाईब्रेंट, मोहता इण्डस्ट्रीज व आसपास का क्षेत्र, माला फाटक, गुर्जरों की बस्ती में बिजली बंद रहेगी।

नाले में युवक का शव मिला, भाई ने रिपोर्ट दी

छबड़ा कस्बे के मुक्तिधाम मार्ग पर मृत मिले व्यक्ति के मामले में पुलिस ने भाई की रिपोर्ट पर जांच शुरू कर दी हैं।

छबड़ा। कस्बे के मुक्तिधाम मार्ग पर शुक्रवार को एक व्यक्ति मृत पड़ा मिला। पुलिस ने भाई की रिपोर्ट पर मामला दर्ज कर जांच शुरू प्रारंभ कर दी हैं।

सब इंस्पेक्टर चतुर्भज ने बताया कि शुक्रवार दोपहर मुक्तिधाम के निकट नाले मे युवक की लाश पड़ी होने की सूचना मिली। इस पर मृतक की शिनाख्त पवन (33) पुत्र गोपाल प्रजापत निवासी बमोरा के रूप मे की गई। मृतक के भाई गोविंद ने बताया कि संभवतया: वह गुरूवार शाम को शराब के नशे में पुलिया पर बैठा था और नाले मे सिर के बल गिरने से उसकी मृत्यु हो गई।

कार्यालय नगर विकास न्यास, कोटा

क्रमांक:-76 विक्रय स्वीकृति चाहने बाबत आम सूचना दिनांक:-1.7.22

नगर विकास न्यास कोटा द्वारा योजना बसंत विहार के-9 का आवास संख्या 683 श्री नन्द सिंह पुत्र भंवर सिंह को आवंटन पत्र दिनांक 10.4.1985 के द्वारा आवंटन किया गया था। अत: उक्त भूखण्ड की विक्रय स्वीकृति जर्ये मुख्तारआम श्री अभय कुमार पुत्र धर्मदेव प्रसाद द्वारा नगर विकास न्यास, कोटा से चाही जा रही है।

अत: जरीये आम सूचित किया जाता है कि यदि इस नाम विक्रय स्वीकृति देने में किसी को भी कोई ऐतराज हो तो विज्ञप्ति जारी होने के 7 दिवस के अन्दर अन्दर अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर दें, अन्यथा मियाद गुजरने के पश्चात उक्त आवास संख्या 683 योजना बसंत वि. के-9 की विक्रय स्वीकृति श्री अभय कुमार पुत्र धर्मदेव प्रसाद के नाम स्वीकृति जारी कर दी जावेगी।

उपसचिव नगर विकास न्यास, कोटा

कार्यालय नगर पालिका रावतभाटा, जिला -चित्तौड़गढ़ (राज.)

क्रमांक/नपारा/भूमि/2022-23/1548 आपत्ति आमंत्रण सूचना दिनांक:-30.6.22

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्रीमती सरिता दीक्षित पत्नी श्री प्रवीन दीक्षित निवासी कोटा ने इस कार्यालय में आवेदन मय शपथ पत्र एवं वांछित दस्तावेजों की स्व: प्रमाणित छायाप्रतियों के साथ प्रस्तुत कर नगर पालिका रावतभाटा की बालाजी नगर आवासीय योजना के भूखंड संख्या 245 श्रेणी (LIG) साईज 6x15 कुल 90 वर्गमीटर अर्थात 968.40 वर्गफीट का नामान्तरण/हस्तान्तरण अपने नाम पालिका रिकार्ड में दर्ज करने व बाद नामान्तरण इस भूखंड पर आवासीय भवन निर्माण स्वीकृति व नक्शानुमोदन हेतु आवेदन मय नक्शे की प्रतियों के साथ प्रस्तुत किया है।

प्रस्तुत दस्तावेज एवं पत्रावली अनुसार यह भूखंड पालिका द्वारा नीलामी दिनांक 24.06.2011 अंतर्गत श्री महेश शर्मा पिता श्री जगदीश शर्मा निवासी रावतभाटा को विक्रय किया गया था, जिसकी पालिका द्वारा लीज डीड क्रमांक 159 दिनांक 07.12.2011 एवं पंजीयन दिनांक 08.12.2011 से मूल क्रेता के पक्ष में जारी की गई। इसके पश्चात क्रेता ने पालिका से विक्रय अनुमति प्राप्त कर उक्त खाली भूखंड को श्रीमती गीता देवी पत्नी श्री नेमीचन्द जैन निवासी रावतभाटा को जरिये पंजीकृत विक्रय विलेख दिनांक 26.04.2017 से विक्रय किया गया। जिसका नामान्तरण पालिका रिकोर्ड में स्वीकृति पत्रांक 3119 दिनांक 22.09.2017 से दर्ज किया गया। इसके पश्चात इस नामान्तरिती ने पालिका से विक्रय अनुमति प्राप्त कर उक्त भूखंड को श्रीमती पूजा पत्नी श्री श्यामलाल निवासी रावतभाटा को जरिये पंजीकृत विक्रय विलेख दिनांक 27.05.2020 से विक्रय किया गया जिसका नामान्तरण पालिका रिकोर्ड में स्वीकृति पत्रांक 5093 दिनांक 20.01.2022 से दर्ज किया गया। इसके पश्चात इस नामान्तरिती ने पालिका से विक्रय अनापत्ति प्रमाण पत्र प्राप्त कर उक्त भूखंड को जरिये पंजीकृत विक्रय विलेख दिनांक 24.05.2022 से आवेदक श्रीमती सरिता दीक्षित पत्नी श्री प्रवीन दीक्षित निवासी रावतभाटा को किमतन विक्रय किया गया है। जिसके आधार पर आवेदक ने भूखंड का नामान्तरण नगर पालिका अधिनियम के प्रावधानों के तहत एवं बाद नामान्तरण भूखंड पर आवासीय भवन के निर्माण की स्वीकृति व नक्शानुमोदन प्रभावी मॉडल राजस्थान भवन विनियम 2020 के प्रावधानों के तहत चाही गयी है।

चूंकि खाली भूखंड पर विभागीय आदेशानुसार निर्धारित समयावधि पर भवन निर्माण नहीं किये जाने पर पुर्नग्रहण शुल्क लिया जाकर आवेदन का निस्तारण किया जाना प्रस्तावित है।

अत: उक्त भूखंड का हस्तान्तरण पालिका रिकार्ड में आवेदक के नाम दर्ज कर भवन निर्माण स्वीकृति व नक्शानुमोदन किये जाने में किसी भी व्यक्ति/विभाग/संस्था/बैंक इत्यादि को किसी प्रकार की कोई आपत्ति/उजर हो तो इस प्रकाशन से 07 (सात) दिवस के भीतर भीतर अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में मय साक्ष्य सबूत के अपनी आपत्ति/उजरदारी प्रस्तुत कर सकते है। आपत्ति अवधि समाप्त होने के पश्चात कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी। सूचित रहे।

अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका रावतभाटा

राजस्थान आवासन मण्डल कोटा वृत्त कोटा

क्रमांक 1201 जाहिर आम सूचना दिनांक - 22.6.22

आवास संख्या 1-झ-20 दादाबाड़ी कोटा का आवंटन मंडल द्वारा श्री चन्द्र प्रकाश सक्सैना पुत्र श्री दिलीप सिंह सक्सैना को किया गया। इस आवास का पंजीयन श्री चन्द्र प्रकाश सक्सैना पुत्र श्री दिलीप सिंह सक्सैना के नाम दिनांक 09.08.1990 को किया गया। श्री चन्द्र प्रकाश सक्सैनै पुत्र श्री दिलीप सिंह सक्सैना की मृत्यु दिनांक 19.09.2018 को हो चुकी है। श्री चन्द्र प्रकाश सक्सैना पुत्र श्री दिलीप सिंह सक्सैना द्वारा अपने जीवनकाल में वसीयत नामा आलेखित कर दिनांक 28.08.2018 को अपनी धर्मपत्नी श्रीमती गीता सक्सेना पत्नी श्री चन्द्र प्रकाश सक्सेना को किया गया। श्रीमती गीता सक्सेना पत्नी श्री चन्द्र प्रकाश सक्सेना द्वारा इस कार्यालय में प्रतिवेदन प्रस्तुत कर उक्त आवास का हस्तांतरण/प्रतिस्थापन अपने नाम वसीयत नामा के आधार पर दर्ज करने हेतु आवेदन किया गया।

अत: उक्त आवास का हस्तांतरण/प्रतिस्थापन वसीयत नामा के आधार पर श्रीमती गीता सक्सेना पत्नी श्री चन्द्र प्रकाश सक्सेना के नाम दर्ज करने में किसी भी पक्षकार/व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो 15 दिवस के अन्दर इस कार्यालय को सूचित करें। अन्यथा यह मानते हुये के उक्त आवास का हस्तांतरण/प्रतिस्थापन श्रीमती गीता सक्सेना पत्नी श्री चन्द्र प्रकाश सक्सेना का नाम दर्ज किये जाने में किसी भी व्यक्ति/पक्षकार को कोई आपत्ति नहीं है। उक्त आवास का हस्तांतरण/प्रतिस्थापन वसीयत नामा के आधार पर श्रीमती गीता सक्सेना पत्नी श्री चन्द्र प्रकाश सक्सेना के नाम मंडल अभिलेख में दर्ज कर दिया जावेगा।

उप आवासन आयुक्त राजस्थान आवासन मण्डल, कोटा वृत्त कोटा

जेईई-मेन के दूसरे अटेम्प्ट के आवेदन के लिए मिलेगा एक और मौका

कोटा, (निसं)। नेशनल टेस्टिंग एजेंसी द्वारा आयोजित की जा रही देश की सबसे बड़ी इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षा जेईई-मेन के दूसरे अटेम्प्ट के आवेदन के लिए एक और मौका स्टूडेंट्स को दिया जाएगा। इसकी सूचना शुक्रवार को एनटीए द्वारा नोटिफिकेशन जारी कर की गई। एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट के कॅरियर काउंसलिंग एक्सपर्ट अमित आहूजा ने बताया कि जेईई-मेन के दूसरे अटेम्प्ट की आवेदन प्रक्रिया गुरुवार को समाप्त होने के उपरान्त बहुत से विद्यार्थी आवेदन करने से चूक गए थे।

इसमें कई कारण शामिल थे। अंतिम तिथि के बाद इन विद्यार्थियों द्वारा एनटीए को दूसरे अटेम्प्ट के आवेदन प्रक्रिया पुन: शुरू करने की मांग की गई, जिसके बाद एनटीए द्वारा शुक्रवार को इस संदर्भ में सूचना जारी की गई, जिसके अनुसार जेईई-मेन जून अटेम्प्ट के परिणाम के उपरान्त विद्यार्थियों को दूसरे अटेम्प्ट के लिए आवेदन करने का पुन: मौका दिया जाएगा। इसका बड़ा कारण इस वर्ष दूसरे अटेम्प्ट के लिए विद्यार्थियों को अलग से आवेदन करना अनिवार्य था, अन्यथा वे परीक्षा में शामिल नहीं हो सकते थे। इसे देखते हुए एनटीए द्वारा विद्यार्थियों के हित में यह निर्णय लिया गया, हालांकि जेईई-मेन के दूसरे अटेम्प्ट के लिए 1 लाख 50 हजार से अधिक विद्यार्थी पूर्व में नए कैंडिडेट के रूप में आवेदन कर चुके हैं एवं पहले अटेम्प्ट में 9 लाख से अधिक विद्यार्थी परीक्षा दे चुके हैं। ऐसे में जेईई-मेन 2022 के लिए यूनिक कैंडिडेट की संख्या 10 लाख से अधिक होगी।

शिक्षण प्रशिक्षण पांचवें दिन भी जारी रहा

छबड़ा। कस्बे की लोधा धर्मशाला में चल रहे कक्षा 1 से 5 में अध्यापन कराने वाले शिक्षकों के लिए बुनियादी साक्षरता आधारित शिक्षण प्रशिक्षण के पांचवे दिन भी जारी रहा। प्रशिक्षण प्रभारी चिंकी गालव, शंकरलाल नागर, शिविर प्रभारी रामचरण गुप्ता, व्यवस्थापक सुरेश चन्द मित्तल, अंजू भार्गव, सुनील कुमार जांगिड ने शिविर की सभी व्यवस्थाओं का निरीक्षण कर प्रशिक्षण स्थल की बैठक व्यवस्था, प्रशिक्षण स्थल, बैठक, आवास सहित प्रोजेक्टर व शिक्षण व्यवस्थाओ का जायजा लिया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत दक्ष प्रशिक्षक निधि सारस्वत, उदय सिंह यादव, धर्मेन्द्र बैरवा ने प्रथम ओर द्वितीय सत्र में आरंभिक कक्षाओं में समन्वित पर्यावरण अध्ययन, कला, खेल, शिक्षा शास्त्र के बारे में बताया गया। तृतीय सत्र ओर चतुर्थ सत्र में स्कूल रेडिनेस कार्यक्रम, बहुकक्षीय-बहुस्तरीय स्थिति तथा कक्षा-कक्ष प्रक्रिया के चरण के बारे में दक्ष प्रशिक्षकों द्वारा जानकारी दी गई।

बीए प्रथम, द्वितीय व तृतीय वर्ष में प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ

छबड़ा। स्थानीय अमरचंद राजकुमारी बरडिया जैन विश्वभारती स्नातकोत्तर महाविद्यालय में बीए प्रथम, द्वितीय, तृतीय वर्ष में ऑफ लाइन प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ हो ग है।

प्राचार्य डॉ. आरसी मीना के अनुसार बीए प्रथम, द्वितीय, तृतीय वर्ष में एक जुलाई से प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ हो ग है। बीए में प्रवेश के लिए कार्यालय समय सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक प्रवेश आवेदन पत्र प्राप्त कर महाविद्यालय में आवेदन कर सकते हैं। 12वीं कक्षा उत्तीर्ण छात्र-छात्राएं जो बीए प्रथम वर्ष में प्रवेश लेना चाहते है वे महाविद्यालय में आकर प्रवेश फॉर्म प्राप्त कर सकते है। प्रवेश के लिए छात्र-छात्रा को संबंधित स्कूल से टीसी, चरित्र प्रमाण पत्र व 10वीं व 12वीं की अंकतालिका की आवश्यकता होगी। इनरव्हील क्लब की कार्यकारणी का विस्तार

छबड़ा। इनरव्हील क्लब ने नवीन सत्र की शुरुआत डॉक्टर डे मना कर की। क्लब सदस्यों ने षुक्रवार को राजकीय चिकित्सालय में पहुंचकर चिकित्सको का तिलक व माल्यार्पण कर स्वागत-सम्मान किया। इस अवसर पर चार्टर प्रेसीडेंट डोली जैन ने कार्यकारणी का विस्तार करते हुए सर्वसम्मति से निहारिका गगरानी को अध्यक्ष, सरिता जैन को उपाध्यक्ष, अर्चना गगरानी को सचिव, रेनू जैन को कोषाध्यक्ष, नमृता माहेश्वरी को आ एसओ, पल्लवी जैन को कोऑर्डिनेटर बनाया हैं। स्वागत कार्यक्रम में पूर्व पदाधिकारी व सदस्य सीमा बागडी, आशा अग्रवाल, नंदिनी सोनी, रेखा गेरा आदि मौजूद रही।

मंत्री धारीवाल ने प्रदेशवासियों से शांति सौहार्द्र बनाए रखने अपील की

कोटा, (निसं)। यूडीएच मंत्री शांति धारीवाल ने कोटा एवं प्रदेशवासियों से बयान जारी कर अपील की है कि राजस्थान साम्प्रदायिक सौहार्द्र एवं सद्भाव के लिए जाना जाता है। हमारे प्रदेश के भाईचारे की मिसाल पूरे देश में दी जाती है। मेरा सभी धर्मगुरूओं, जन-प्रतिनिधियों, सामाजिक संगठनों एवं समाजसेवियों से आग्रह है कि वे सामाजिक सौहार्द्र की अपील करें ताकि प्रदेश में शांति का वातावरण बना रहे। प्रदेशवासी अशांति फैलाने एवं माहौल खराब करने वाले असामाजिक तत्वों के बहकावे में नहीं आएं। समाज में भय एवं अशांति का माहौल नहीं हो, इसके लिए ऐसी कोई भी सामग्री एवं वीडियो को सोशल मीडिया सहित अन्य प्लेटफार्म पर प्रसारित नहीं करें। उन्होंने कहा कि प्रदेशवासियों को आश्वस्त करना चाहता हूँ कि अपराधी चाहे कितना ही बड़ा हो और किसी धर्म या सम्प्रदाय का हो, उसे किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा। सरकार ने घटना के बाद त्वरित एक्शन लिया है। अब इस मामले में एनआईए भी जांच कर रही हैं। हम प्रदेश में शांति, साम्प्रदायिक सद्भाव और भाईचारा कायम रखने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

राजस्थान आवासन मण्डल कोटा वृत्त कोटा

क्रमांक 1329 जाहिर आम सूचना दिनांक - 30.6.22

आवास संख्या 5-बी-9 विज्ञान नगर कोटा का आवंटन मंडल द्वारा श्री डी.जी. धामनकर पुत्र श्री जी.डी. धामनकर को किया गया था। इस आवास का पंजीयन श्री दिवाकर गोविन्द धामनकर पुत्र श्री जी.डी. धामनकर द्वारा दिनांक 26.03.1992 को अपने पक्ष में करवाया जा चुका है। पंजीयन उपरान्त श्री दिवाकर गोविन्द धामनकर पुत्र श्री जी.डी. धामनकर द्वारा इस आवास का बैचान जरिये विक्रय पत्र आलेखित कर दिनांक 20.05.1995 को श्रीमती माया गुप्ता पत्नी श्री डॉ. दिनेश कुमार गुप्ता को किया गया। श्रीमती माया गुप्ता पत्नी श्री डॉ. दिनेश कुमार गुप्ता का नाम दिनांक 27.11.1999 को आवास के मंडल अभिलेख में दर्ज किया गया। श्रीमती माया गुप्ता पत्नी श्री डॉ. दिनेश कुमार गुप्ता द्वारा इस आवास का बैचान जरिये विक्रय पत्र आलेखित कर दिनांक 02.08.2019 को श्री अब्दुल सलाम, श्री असलम अंसारी, श्री साजिद अंसारी, श्री जीशान पुत्र स्व. श्री अब्दुल जब्बार को संयुक्त रुप से किया गया। श्री अब्दुल सलाम, श्री असलम अंसारी, श्री साजिद अंसारी, श्री जीशान पुत्र स्व. श्री अब्दुल जब्बार द्वारा इस कार्यालय में प्रतिवेदन प्रस्तुत कर विक्रय पत्र के आधार पर आवास के मंडल अभिलेख में अपना नाम संयुक्त रुप से दर्ज करने हेतु आवेदन किया गया है।

अत: इस आवास के मंडल अभिलेख में श्री अब्दुल सलाम, श्री असलम अंसारी, श्री साजिद अंसारी, श्री जीशान पुत्र स्व. श्री अब्दुल जब्बार का नाम विक्रय पत्र के आधार पर संयुक्त रुप से दर्ज करने में किसी भी पक्षकार/व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो 15 दिवस के अन्दर इस कार्यालय को सूचित करें। अन्यथा यह मानते हुये कि इस आवास के मंडल अभिलेख में श्री अब्दुल सलाम, श्री असलम अंसारी, श्री साजिद अंसारी, श्री जीशान पुत्र स्व. श्री अब्दुल जब्बार का नाम विक्रय पत्र के आधार पर संयुक्त रुप से दर्ज किये जाने में किसी भी व्यक्ति/पक्षकार को कोई आपत्ति नहीं है। उक्त आवास के मंडल अभिलेख में श्री अब्दुल सलाम, श्री असलम अंसारी, श्री साजिद अंसारी, श्री जीशान पुत्र स्व. श्री अब्दुल जब्बार का नाम विक्रय पत्र के आधार पर संयुक्त रुप से दर्ज कर दिया जावेगा।

उप आवासन आयुक्त राजस्थान आवासन मण्डल, कोटा वृत्त कोटा

राजस्थान आवासन मण्डल वृत्त कोटा

क्रमांक 1327 जाहिर आम सूचना दिनांक - 30.6.22

आवास संख्या 4-एफ-29 महावीर नगर विस्तार योजना कोटा का आवंटन मंडल द्वारा श्री नित्तानन्द राय पुत्र श्री मंगल राय को किया गया था। इस आवास का नियमितिकरण श्रीमती सुनीता गुप्ता पत्नी श्री बुद्धिप्रकाश गुप्ता के नाम दिनांक 16.03.2010 को किया गया। इस आवास का पंजीयन श्रीमती सुनीता गुप्ता पत्नी श्री बुद्धिप्रकाश गुप्ता द्वारा दिनांक 27.03.2010 को अपने पक्ष में करवाया जा चुका है। पंजीयन उपरांत श्रीमती सुनीता गुप्ता पत्नी श्री बुद्धिप्रकाश गुप्ता द्वारा इस आवास का बैचान जरिये विक्रय पत्र आलेखित कर दिनांक 09.06.2014 को श्रीमती रेखा बाई पत्नी श्री मनोहर लाल को किया गया। तत्पश्चात श्रीमती रेखा बाई पत्नी श्री मनोहर लाल द्वारा इस आवास का बैचान जरिये विक्रय पत्र आलेखित कर दिनांक 27.05.2015 को श्री श्रीराम शर्मा व श्री रमेश शर्मा पिसरान स्व. श्री दयाल दास शर्मा को किया गया। मृत्यु प्रमाण पत्र के आधार पर श्री श्रीराम शर्मा की मृत्यु दिनांक 06.10.2016 व श्री रमेश शर्मा की मृत्यु दिनांक 20.04.2021 को हो चुकी है। मृतक के अन्य वारिसानों में श्रीमती आशा शर्मा पुत्री स्व. श्री रमेश शर्मा पत्नी श्री महेश शर्मा व पदमा शर्मा पुत्री स्व. श्री रमेश शर्मा द्वारा उक्त आवास में निहित अपने हिस्से का परित्याग जरिये रिलीज डीड (त्याग पत्र) आलेखित कर दिनांक 29.11.2021 को श्रीमती शीला शर्मा पत्नी स्व. श्री रमेश शर्मा व श्री चन्द्रप्रकाश शर्मा पुत्र स्व. श्री रमेश शर्मा के पक्ष में किया गया। श्रीमती शीला शर्मा पत्नी स्व. श्री रमेश शर्मा व श्री चन्द्रप्रकाश शर्मा पुत्र स्व. श्री रमेश शर्मा को उक्त आवास के मंडल अभिलेख में रिलीज डीड (त्याग पत्र) के आधार पर संयुक्त रुप से अपना नाम दर्ज करने हेतु कार्यालय में प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अत: इस आवास को श्रीमती शीला शर्मा पत्नी स्व. श्री रमेश शर्मा व श्री चन्द्रप्रकाश शर्मा पुत्र स्व. श्री रमेश शर्मा के नाम प्रतिस्थापित/हस्तांतरण करने में किसी भी व्यक्ति/पक्षकार को कोई आपत्ति हो तो 15 दिवस के अन्दर इस कार्यालय को सूचित करें। अन्यथा यह मानते हुये कि उक्त आवास को श्रीमती शीला शर्मा पत्नी स्व. श्री रमेश शर्मा व श्री चन्द्रप्रकाश शर्मा पुत्र स्व. श्री रमेश शर्मा के नाम प्रतिस्थापित/हस्तांतरण करने में किसी भी व्यक्ति/पक्षकार को कोई आपत्ति नहीं है। इस आवास को श्रीमती शीला शर्मा पत्नी स्व. श्री रमेश शर्मा व श्री चन्द्रप्रकाश शर्मा पुत्र स्व. श्री रमेश शर्मा के नाम प्रतिस्थापित/हस्तांतरण कर दिया जावेगा।

उप आवासन आयुक्त राजस्थान आवासन मण्डल वृत्त कोटा

सीए सदस्यों ने रक्तदान कर मनाया सीए-डे

कोटा, (निसं)। कोटा सीए ब्रांच की ओर से शुक्रवार को नई धान मंडी स्थित कोटा सीए भवन में आजादी का अमृत महोत्सव के अंतर्गत 74वां सीए डे ध्वजारोहण के साथ सीए सदस्यों व सीए स्टूडेंट्स द्वारा रक्तदान कर शहरवासियों को इसके लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर कोटा सीए ब्रांच के चेयरमैन सीए शशांक गर्ग ने ध्वजारोहण कर सभी उपस्थित सीए सदस्यों व सीए स्टूडेंट्स को 74वें सीए डे की शुभकामनायें दी।

कोटा सीए ब्रांच के चेयरमैन सीए शशांक गर्ग ने बताया कि सीए डे के अवसर पर शुक्रवार को कोटा सीए भवन में कोटा ब्लड बैंक सोसायटी के सहयोग से रक्तदान शिविर के साथ हेल्थ चेकअप शिविर का आयोजन किया गया। सीए वीक-2022 के कार्यक्रम समन्वयक सीए विष्णु गर्ग व सीए सौरभ जैन ने बताया कि रक्तदान शिविर में सीए सदस्यों के सीए स्टूडेंट्स ने बढ़-चढ़कर भाग लिया तथा शिविर में करीब 84 से अधिक यूनिट रक्तदान हुआ। वहीं चिकित्सा शिविर में डेंटल सर्जन डॉ. नीरल बरथूनिया व फिजियोथेरेपिस्ट डॉ. गौरव मित्तल आदि चिकित्सकों ने सीए सदस्यों व सीए स्टूडेंट्स को चिकित्सा परामर्श दिया। पौधारोपण कार्यक्रम आज-सीए वीक-2022 के दूसरे दिन शनिवार को सुबह 8.15 बजे वल्लभ नगर स्थित पटेल पार्क में सीए सदस्यों द्वारा पौधारोपण किया जायेगा। इसके अलावा छोटे बच्चों के लिये तलवंडी स्थित अग्रसेन सभागार में डांस मेनिया कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा, जिसमें सीए सदस्यों के बच्चे भाग लेंगे। सीए डे के अवसर पर सीए नीरज जैन, सीए रामलाल विजय, सीए एस.के.महिपाल, सीए तुषार ढींगरा, प्रोजेक्ट हेड सीए निखिल जैन, सीए आशीष व्यास, सीए संजय खंडेलवाल, सीए विपुल अग्रवाल, सीए धीरज नागर, सीए दीपांशी जैन, सीए विशाल गुप्ता, सीए मिलिंद विजय, सीए देवेंद्र कटारिया, सीए संचित अग्रवाल, सीए दीपक बूथरा, सीए रामलखन गोयल, सीए अंकुर गर्ग, सीए सौरभ चित्तोड़ा व सीए दर्शन पिपलानी आदि वरिष्ठ सीए सदस्य उपस्थित थे। कोटा सीए ब्रांच के सचिव सीए सुरेंद्र मित्तल ने सभी का आभार जताते हुए बताया कि पौधारोपण प्रोग्राम के दौरान सभी मेंबर्स को उपहार स्वरुप सैपलिंग पौधे वितरित किये जायेंगे।

प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के जागरूकता रथ रवाना किये

एडीएम बृजमोहन बैरवा जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया।

कोटा, (निसं)। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना खरीफ 2022 के तहत जिले के लिये बजाज एलायंज जनरल इंश्योरेन्स कम्पनी लिमिटेड को आवन्टित किया गया है। अतिरिक्त कलक्टर शहर बृजमोहन बैरवा ने शुक्रवार को कलेक्ट्रेट परिसर से किसानों की जागरूकता के लिए फसल बीमा रथों का हरिझंडी दिखाकर रवाना किया। उप निदेशक कृषि विस्तार खेमराज शर्मा ने बताया कि खरीफ फसल बीमा के लिए आवेदन की अन्तिम तिथि 31 जुलाई निर्धारित की गई है। जिसके तहत जिले में अधिसूचित फसलें उड़द, मक्का, धान, ज्वार, तिल एवं सोयाबीन हैं। उन्होंने बताया कि किसानों की जागरूकता के लिए पंचायत समिति वार 6 जागरूकता रथों को रवाना किया गया। उन्होंने बताया कि प्रचार रथ जिले की समस्त तहसीलों (लाडपुरा, दीगोद, पीपल्दा, सांगोद, कनवास एवं रामगंजमण्डी) के प्रत्येक गांवों में जाकर किसानों को फसल बीमा सम्बन्धी जानकारी प्रदान करेंगे। उन्होंने बताया कि यह जागरूकता कार्यक्रम 20 जुलाई तक चलेगा। इस अवसर पर उप निदेशक कृषि (सांख्यिकी) अनिल कुमार शर्मा, सांख्यिकी अधिकारी अनिल कुमार श्रीवास्तव, कृषि अधिकारी (सामान्य) सत्यप्रकाश मींना, सोनल सिंघल, कृषि पर्यवेक्षक इनायत अली, अनिल कुमार उप परियोजना निदेशक आत्मा एवं अन्य कर्मचारी व बीमा कम्पनी के जिला समन्वयक भुवनेश सिंह व अन्य ब्लॉक प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

कार्यालय नगर पालिका छबड़ा जिला-बारां (राज.)

क्रमांक: न.पा.छ./2022/7152 आपत्ति आमंत्रण सूचना दिनांक: 30.06.2022

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि भवन निर्माण स्वीकृति/नामान्तरण हेतु नगर पालिका कार्यालय में निम्न आवेदनकर्ताओं में प्रार्थना पत्र प्रस्तुत है। निम्न प्रकरणों में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो आपत्ति प्रकाशन के अन्दर म्याद 07 दिवस में मय दस्तावेज प्रमाण पत्र के इस कार्यालय में लिखित रुप में प्रस्तुत कर दें। समयावधि गुजरने के बाद कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।

क्र. सं.	नाम सम्पत्ति मालिक जिसके नाम दस्तावेज अनुसार सम्पत्ति है। एवं पता सम्पत्ति जहां स्थित है।	प्रकरण	सम्पत्ति का विवरण
1	श्री नाथुलाल शर्मा पुत्र श्री धुलीलाल शर्मा जाति ब्राह्मण निवासी छबड़ा तह. छबड़ा	भवन निर्माण स्वीकृति	इन्द्रा कालोनी भूखंड 155 साईज 18x35=630 वर्गफीट
2	श्री पुरुषोत्तम पुत्र श्री बाबुलाल साहू जाति तेली निवासी छबड़ा तह. छबड़ा	भवन निर्माण स्वीकृति	वसुन्धरा नगर आवासीय भूखंड 04 साईज 18x40=720 वर्गफीट
3	श्री राजेन्द्र पुत्र श्री ललित किशोर एवं श्रीमती संजु बाई पत्नी राजेन्द्र कुमार जाति बाबर निवासी छबड़ा तह. छबड़ा	भवन निर्माण स्वीकृति	काछी मन्दिर के पास साईज 1331.25 वर्गफीट
4	श्री मन्नालाल पुत्र श्री अमरलाल व श्रीमती तुलसी बाई पत्नी श्री मन्नालाल जातियान बुजारा निवासीगण छबड़ा निवासी छबड़ा	भवन निर्माण स्वीकृति	कच्ची बस्ती जोशी कालोनी साईज 29x11=319 वर्गफीट
5	श्री तोलाराम पारेता पुत्र श्री सुरजमल पारेता जाति कलाल निवासी मायथा तह. किशनगंज	भवन निर्माण स्वीकृति	अर्जुन विहार कालोनी भूखंड सं. 120 साईज 19+23/2x23=735 वर्गफीट
6	श्रीमती लाईका बी पत्नी श्री निसार अहमद जाति मुसलमान निवासी छबड़ा	भवन निर्माण स्वीकृति	आकाश नगर कालोनी भूखंड सं. 88 साईज 20x35=700 वर्गफीट
7	श्री आजाद खान पुत्र श्री अब्दुल रशीद जाति मुसलमान निवासी छबड़ा तह. छबड़ा	भवन निर्माण स्वीकृति	गांधी नगर कालोनी भूखंड सं. 67 साईज 20x35=700 वर्गफीट
8	श्रीमती द्रोपती बाई पत्नी श्री बृजमोहन, रोहित कुमार मालव, संजय कुमार मालव, सुनिता मालव पिरसान बृजमोहन मालव जातियान धाकड़ निवासी छबड़ा	नामान्तरण	वसुन्धरा नगर कालोनी भूखंड सं. 11 साईज 20x50=1000 वर्गफीट
9	श्री मोहम्मद अनस खान, कसिम खान पुत्रगण मोहम्मद सईद खान जाति मुसलमान निवासी छबड़ा तह. छबड़ा	नामान्तरण	मालियान धाकडान धर्मशाला के बीच कालोनी भूखंड सं. 01 साईज 19x100=1900 वर्गफीट
10	श्रीमती सिरोमणी जैन पत्नी स्व. श्री सुरेन्द्र कुमार जैन जाति ओसवाल जैन निवासी छबड़ा तह. छबड़ा	नामान्तरण	स्टेशन रोड की तरफ से दक्षिण में राजेन्द्र कुमार त्यागी के मकान से लगी हुई साईज 10x30=300 वर्गफीट

नोट:- उपरोक्त भवन निर्माण स्वीकृति एवं नामान्तरण के संबंध में किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वह प्रकाशन तिथि के अन्दर 07 दिवस तक अपनी आपत्ति लिखित में न.पा. छबड़ा में प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित अवधि गुजरने के बाद कोई भी आपत्ति मान्य नहीं होगी। सूचित रहे।

अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका छबड़ा (बारां)